डिजीटल पत्र

दैनिक

# कांग्रेस दर्पण

पटना, 19 जुलाई, शुक्रवार, 2024

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10

# केरल में बचाव कार्यों में हर संभव मदद करें नेता व कार्यकर्ता : राहुल गांधी



नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से केरल में बारिश व बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए चल रहे राहत व बचाव कार्य में मदद करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की है। राहुल गांधी ने गुरुवार को एक्स पोस्ट पर किया, ''केरल में अत्यधिक बारिश अत्यधिक चिंताजनक है– मेरी उन लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं राज्य के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से राहत और बचाव कार्यों में हर संभव मदद करने का आग्रह करता हूं।'' उल्लेखनीय है कि रायबरेली के सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का केरल से काफी जुड़ाव है और वे केरल के वायनाड से सांसद भी रहे हैं।

# इंडिया गठबंधन के जन आक्रोश मार्च में मजबूती से हिस्सा लेंगे कांग्रेसजन: डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**पटना।** राज्य में बेलगाम हो रहे अपराध और अपराधियों के खिलाफ इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दलों के द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में 20 जुलाई को जन आक्रोश मार्च में सभी कांग्रेसजन बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस मार्च को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने आज पत्र जारी कर सभी कांग्रेसजन को निर्देशित किया है।

इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने पत्र जारी कर निर्देश दिया है जिसमें सभी जिलाध्यक्षों, प्रकोष्ठों, वरिष्ठ नेताओं, विधायकों, पूर्व विधायकों, लोकसभा और विधानसभा के पूर्व प्रत्याशियों को निर्देश दिया गया है कि आगामी 20 जुलाई को सभी अपने जिला मुख्यालयों में इंडिया गठबंधन के साथ जन आक्रोश मार्च निकालेंगे। इस आक्रोश मार्च में राज्य में खराब हुए कानून व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। इस जन आक्रोश मार्च में कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे और प्रदेश की निरंकुश सरकार को न्याय और कानून का राज स्थापित करने को अल्टीमेटम देने के तौर पर हिस्सा लेंगे।

**ध्वस्त हो रहे कानून व्यवस्था को लेकर इंडिया गठबंधन के जन आक्रोश मार्च में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे कांग्रेसजनः डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह**



# कर्नाटक के उद्यमियों को केरल और आंध्र प्रदेश ने दिया निवेश का न्योता

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार के निजी कंपनियों में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण के फैसले से नाराज उद्यमियों को आंध्र प्रदेश और केरल ने अपने यहां निवेश का न्योता दिया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे और मंत्री नारा लोकेश और केरल के उद्योग मंत्री पी राजीव ने उद्यमियों को अपने राज्यों में स्वागत करते हुए सभी सुविधाएं देने का वादा किया है।

नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नेसकॉम) ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कर्नाटक के इस फैसले की आलोचना की थी। इसका जवाब देते हुए आंध्र प्रदेश के आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार और मानव संसाधन मंत्री नारा लोकेश ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, नेसकॉम के सदस्यों, हम आपको हुई निराशा को समझते हैं। हम विशाखापत्तनम में अपने आईटी, आईटी सर्विस, एआई एवं डाटा सेंटर क्लस्टर में आपका स्वागत करते हैं। हम आपको सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं और 24 घंटे बिजली, इंफ्रास्ट्रक्चर और आपकी आईटी कंपनी के लिए बेहतरीन स्किल टैलेंट ऑफर कर रहे हैं, वह भी किसी सरकारी प्रतिबंध के बिना।

केरल के मंत्री राजीव ने पोस्ट में लिखा, केरल में निवेश करें। कर्मचारी की प्रतिभा और योग्यता ही भर्ती का एकमात्र मानदंड है।



# उत्तरप्रदेश के गोंडा में चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पटरी से उतर गई, खड़गे ने दुख जताते हुए मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**नई दिल्ली।** उत्तरप्रदेश के गोंडा में चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पटरी से उतर गई है। इस घटना को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दुख जताते हुए मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ₹यूपी में चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का पटरी से उतरना, इस बात का एक और उदाहरण है कि कैसे मोदी सरकार ने व्यवस्थित तरीके से रेल सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं तथा हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ भी हैं। उन्होंने आगे लिखा, ₹यह घटना सियालदह–अगरतला कंचनजंगा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी की टक्कर में 11 लोगों की जान जाने के एक महीने बाद हुई है। रेलवे सुरक्षा आयुक्त का यह बयान कि ऐसी दुर्घटनाएं 'होने ही वाली थीं' सुरक्षा प्रोटोकॉल में गंभीर खामियों को रेखांकित करता है। चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की जांच रिपोर्ट में चौंकाने वाले विवरण सामने आए हैं। दुर्घटना के लिए जिम्मेदार प्रमुख कारकों में स्वचालित सिग्नल की विफलता, कई स्तरों पर परिचालन कुप्रबंधन और लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर के बीच संचार के लिए वॉकी–टॉकी जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरणों की अनुपलब्धता शामिल है। उन्होंने लिखा, ₹पीएम नरेंद्र मोदी और उनके रेल मंत्री, जो आत्म–प्रचार का कोई मौका नहीं छोड़ते, उन्हें भारतीय रेलवे में हुई भारी चूक की सीधी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। हमारी एक ही मांग है कि रेलवे सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भारत भर में सभी रेल मार्गों पर कवच एंटी–कोलिजन सिस्टम को तत्काल लगाया जाय।₹ उत्तर प्रदेश के गोंडा में गुरुवार को चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह हादसा बुधवार दोपहर करीब 2.35 बजे हुआ है। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गई जबकि करीब 20 लोग घायल हैं। यह दुर्घटना उत्तर प्रदेश के गोंडा और झिलाही के बीच स्थित पिकौरा में हुई। गोंडा के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। दुर्घटना के कारण कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अधिकारियों को घटनास्थल पर पहुंचने और तुरंत राहत उपायों में तेजी लाने का निर्देश दिया था। यूपी के सीएम ने जिला प्रशासन को घायलों का उचित इलाज करने का आदेश दिया है।



# अलका लांबा से भिड़ने वाली मधु शर्मा पर पार्टी कार्रवाई कर सकती है, नोटिस जारी किया

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**भोपाल।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की मीटिंग में बवाल हो गया था। राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने मधु शर्मा को कहा था कि इन्हें जूते मारकर बाहर निकालिए। मधुशर्मा महिला कांग्रेस की महा मंत्री हैं। उन्होंने भी तपाक से जवाब देते हुए अलका लांबा को कहा था कि एक बाप की बेटी हैं तो मारकर दिखाइए। अब कांग्रेस ने अलका लांबा से बहस करने वाली नेत्री पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। एमपी महिला कांग्रेस की अध्यक्ष विभा पटेल ने कहा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई को लेकर नोटिस जारी किया जाए।

## मधु शर्मा को नहीं था आमंत्रण

एमपी महिला कांग्रेस के अध्यक्ष विभा पटेल ने कहा है कि मधु शर्मा बगैर आमंत्रण के बैठक में शामिल हुई थी। अलका लांबा जब बैठक को संबोधित कर रहीं थीं तब मधु शर्मा उनके संबोधन में बार–बार व्यवधान डाल रही थी। इसकी वजह से बैठक में शामिल महिला कांग्रेस की नेत्रियों को भी परेशानी हुई। उन्होंने कहा कि बैठक में शामिल अन्य महिलाओं ने मधु शर्मा को शांत रहने को कहा तो वो ज्यादा बिफर गईं और तेज–तेज चिल्लाने लगी।

## अशोभनीय है व्यवहार

विभा पटेल ने कहा कि मीटिंग मधु शर्मा का कृत्य अशोभनीय, अमर्यादित आचरण और अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। अशोभनीय और अनुशासनहीनता का आचरण करने के कारण महिला कांग्रेस की तरफ से मधु शर्मा के विरूद्ध कार्यवाही करने का नोटिस दिया गया है।





गौरतलब है कि मंगलवार की मीटिंग के दौरान कांग्रेस ऑफिस में यह हंगामा हुआ था। राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने मधु शर्मा को कहा था कि इन्हें जूते मारकर बाहर निकालिए। इस पर मधु शर्मा ने भी तपाक से जवाब देते हुए कहा था कि दम है तो मारकर दिखाइए। वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस की फजीहत हुई थी। इसके बाद उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है।

कांग्रेस दर्पण
पटना, शुक्रवार
19.07.2024


आज दिनांक 18/07/23 दिन गुरुवार को रांची महानगर युवा कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री गौरव सिंह के नेतृत्व में अल्बर्ट एक्का चौक पर सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने पी ठएएळ की मांग को लेकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन दर्ज किया ! महानगर के अध्यक्ष गौरव सिंह का कहना है की जिस प्रकार से लगभग 23 लाख छात्रों का भविष्य अधर में है उनको निश्चित रूप से सर्वोच्च न्यायालय से न्याय मिलना चाहिए पिछले सात वर्षों में सत्तर बार पेपर लीक के मामले सामने आए है और युवा कांग्रेस छात्रों के हित में निरंतर लड़ाई लड़ रही है और जबतक ल्लीं3 की परीक्षा रद्द नही होती है और दोषियों को सजा नही मिलती है आंदोलन चलता रहेगा`वही प्रदेश के महासचिव शादाब खान का कहना है की मोदी सरकार निरंतर छात्रों को ठगने का काम कर रही है प्रत्येक वर्ष करोड़ो नौकरी देने का झांसा देकर निरंतर छात्रों को छलने का काम किया गया है ये बिलकुल युवा कांग्रेस बर्दास्त नही करेगा और आखरी दम तक लड़ाई लड़ के न्याय दिलाने का काम करेगा`




# युवा कांग्रेस चुनाव में अहम भूमिका में कैसे रहे उसका रणनीति तय की गई

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

आज दिनांक 18/07/2024 को युवा कांग्रेस बड़कागांव विधानसभा की बैठक भुरकुंडा बाजार के पंचायत भवन में हुई ! मुख्य अतिथि के रूप में शामिल राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर सत्यव्रत दास, जिला प्रभारी कुमार रोशन जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव पहुंचे ,यह बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास जी एवम झारखंड युवा प्रदेश प्रभारी,प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के निर्देशानुसार यह बैठक आयोजित की गई जिसमे संगठन निर्माण क्षेत्र में पार्टी और प्रतिनिधि का कार्यशैली पर चर्चा हुई आनेवाले दिनों में युवा कांग्रेस चुनाव में अहम भूमिका में कैसे रहे उसका रणनीति तय की गई, आने वाले दिनों में पंचायत चलो घर चलो नाम का योजना चलेगा उसका भी योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं को घर–घर तक कैसे पहुंचाएं इस पर चर्चा की गई इस बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जयंत कुमार तुरी के नेतृत्व संपन्न हुआ

इस बैठक में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जयंत कुमार तुरी , अंशु कुमार , संकर टुडू उपाध्यक्ष इमरान अंसारी प्रखंड अध्यक्ष मुख्तार अंसारी विधानसभा महासचिव सुरेश यादव सिकंदर कुमार , धर्मेंद्र तुरी , अमन ,श्याम कुमार विकाश कुमार , अजय पासवान , सूरज कुमार , संजय करमाली




# एक गरीब रेहड़ी वाले को आदेश है कि वो अपने नाम की तख्ती लगाये

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

जिससे कि कांवड़ियाँ मुसलमान फल वालों से कुछ ख़रीद ना लें किसी मुसलमान के होटल में खाना न खा लें जब बैठे बिठाए कुछ समझ ना आए तो नफ़रत का छौंका लगाना इखढ की आदत है

कभी तो जोड़ने की बात करो, कब तक तोड़ोगे?

इस देश ने इतना बड़ा संदेश दिया फिर भी समझ नहीं आ रहा?

ईश्वर ना करे, लेकिन अगर तबियत बिगड़ जाए और सामने मुसलमान डॉक्टर हो तो क्या करेंगे?

अगर खून की ज़रूरत पड़ जाए और खून देने वाला मुसलमान हो तब क्या करेंगे? और अगर नाम बबलू, मुन्ना, पप्पू और गुड्डू हुआ तो क्या करेंगे?

कितनी विडंबना है यह उन काँवड़ियों के लिये किया जा रहा है जो शिवरात्रि के लिये अर्पित होने वाले जल को लेने जाएँगे यह फूहड़ और ढोंगी स्वयंभू धर्म के ठेकेदार भगवान शिव को और उनकी विराटता को कब समझेंगे?

किसी गरीब के पेट पर लात मारने पर मेरे भगवान मेरे महादेव बिलकुल प्रसन्न नहीं होंगे

मुस्लिमों से सामान ना ख़रीदने की इस साज़िश को समझिए

यह वही जाहिल हैं जो अयोध्या हारते ही वहाँ के हिंदुओं के बहिष्कार की वकालत करने लगे थे

गरीब का बॉयकॉट करने वाला प्रशासन और डरपोक सरकार सिर्फ़ और सिर्फ़ अपनी विफलताएँ छुपाने के लिए इस तरह की नफ़रत फैलाते हैं


लेकिन मेरा देश मोहब्बत का देश है – और यह नफ़रत को बार–बार हरा देता है

नफ़रत का बाज़ार मत लगाइए, सेब अब्दुल बेचे या अनिल बस मीठा होना चाहिए!

कितना भी ज़ोर लगाइए, जीत तो मोहब्बत की ही होगी!

हर हर महादेव!

श्रीमती सुप्रिया श्रीनेते



# तेलंगाना के 70 लाख किसानों की ऋण माफी, सरकार ने 7000 करोड़ रुपये बैंकों को दिया



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**नई दिल्ली।** तेलंगाना सरकार नई योजना शुरू करने जा रही है। जिसके तहत किसानों के कर्ज माफ किए जाएंगे। लगभग 70 लाख किसान इस योजना से लाभान्वित होंगे। दरअसल तेलंगाना सरकार अपने चुनावी वादे के तहत कृषि ऋण माफी की तैयारी कर रही है। गुरुवार को शाम 4 बजे किसानों के खातों में एक लाख रुपये तक के ऋण माफी के पैसे जमा किए जाएंगे।

तेलंगाना मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने घोषणा की थी कि उनकी सरकार 15 अगस्त तक 2 लाख रुपये तक के ऋण को माफ कर देगी। तेलंगाना सरकार अपने इस चुनावी वादों को पूरा करने की तैयारी कर रही है। गुरुवार को शाम 4 बजे किसानों के खातों में एक लाख रुपये तक के ऋण माफी के पैसे जमा किए जाएंगे। 1 लाख रुपये तक के ऋण के लिए 7,000 करोड़ रुपये गुरुवार को खातों में जमा होंगे। 1.5 लाख रुपये तक के फसली ऋण जुलाई के अंत तक और शेष अगस्त तक माफ कर दिए जाएंगे।

## 15 अगस्त तक माफ करने का था वादा

तेलंगाना सरकार आज जो कर्ज माफी कार्यक्रम शुरू करने जा रही है, यह चुनावी वादा था। इस वादे से राज्य के 70 लाख किसानों को फायदा होगा। राज्य के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने पहले घोषणा की थी कि सरकार 15 अगस्त तक 2 लाख रुपये तक का कर्ज माफ कर देगी। इसकी शुरुआत आज शाम 4 बजे हो रही है। आज जिन किसानों का कर्ज माफ होना है, उनके खातों में एक लाख रुपये तक की कर्ज माफी की रकम जमा कर दी जाएगी।

## सरकार दे रही है 7,000 करोड़

मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन किसानों का एक लाख रुपये तक का कर्ज माफ किया जा रहा है, उनके खातों में कुल 7,000 करोड़ रुपये जमा किए जाएंगे। डेढ़ लाख रुपये तक के फसली कर्ज जुलाई के अंत तक माफ कर दिए जाएंगे और अगस्त में दो लाख रुपये तक के कर्ज माफ करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। यह ऋण माफी रायथु वेदिकाज **"Rythu Vedikas"** योजना के तहत हो रही है।

## बैंकरों से मिलेंगे उपमुख्यमंत्री

खबर है कि इस प्रमुख कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमारक सुबह बैंकरों के साथ बैठक करेंगे। कर्ज माफी योजना पर कलेक्टरों द्वारा उठाए गए संदेहों को दूर करने और उनका तुरंत समाधान करने के लिए सचिवालय में दो जिलों (अविभाजित पुराने जिले) के लिए एक वरिष्ठ स्तर के अधिकारी उपलब्ध रहेंगे। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि राशन कार्ड का उपयोग केवल परिवार की पहचान के लिए किया जाता है।

## 70 लाख किसानों ने लिया है कर्ज

तेलंगाना राज्य में कुल 90 लाख राशन कार्ड हैं। हालांकि बैंक से कर्ज वाले किसान खातों की संख्या केवल 70 लाख है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 6.36 लाख किसान जिनके पास राशन कार्ड नहीं हैं और उन्होंने कृषि ऋण लिया है, वे भी कृषि ऋण माफी लाभ का लाभ उठाने के पात्र हैं। माना जा रहा है कि यह योजना तेलंगाना के किसानों को बड़ी राहत देगी जो फसल खराब होने और बाजार में कम कीमतों जैसी कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इससे उन्हें अपने कर्ज से उबरने और अपनी आजीविका में सुधार करने में मदद मिलेगी।

# सुक्खू ने नई दिल्ली में मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात, हिमाचल की इन 2 सड़कों को एनएच घोषित करने की उठाई मांग

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण




**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा ली गई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में प्रदेश की 39.20 किलोमीटर लंबी रानीताल–कोटला और 41.50 किलोमीटर लंबी घुमारवीं–जाहू–सरकाघाट सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इन सड़कों का निर्माण पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग के मानकों के अनुसार किया जा चुका है और सैद्धांतिक रूप से इन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया है। सीएम ने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में सड़कें परिवहन का मुख्य साधन हैं और पिछले 8 वर्षों के दौरान राज्य के लिए कोई भी नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित नहीं किया गया। उन्होंने राज्य आपदा–2023 के दौरान क्षतिग्रस्त हुए राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ लगते विभिन्न राज्य मार्गों के उन्नयन के लिए 172.97 करोड़ रुपए जारी करने का अनुरोध किया। इन सड़कों में कुल्लू–मनाली, मंडी–कमांद–कटोला–बजौरा सड़क और चैल–गोहर–पंडोह सड़क शामिल हैं।

## सड़क निर्माण में सुरंगों को दी जाए प्राथमिकता

सीएम ने कहा कि पिछले मानसून में प्राकृतिक आपदा के बाद केंद्रीय मंत्री द्वारा राज्य के दौरे के दौरान घोषणा की गई थी कि केंद्र राष्ट्रीय राजमार्गों से एक किलोमीटर के दायरे में क्षतिग्रस्त सड़कों की मुरम्मत के लिए केंद्र सरकार धनराशि प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यदि सड़क निर्माण में सुरंगों को प्राथमिकता दी जाएगी तो पर्यावरण नुक्सान कम होगा और भूस्खलन का खतरा भी नहीं होगा। नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक मामले पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा ठेकेदारों को सभी परियोजनाएं समयबद्ध पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर तथा राज्य व केंद्र के संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## 58 राष्ट्रीय राजमार्ग की अलाइनमैंट रिपोर्ट के लिए अब तक नहीं हुआ अनुमोदन

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया कि उनके द्वारा 69 सैद्धांतिक राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए गए थे, जिनमें से वर्ष 2018–19 में 58 राष्ट्रीय राजमार्ग की अलाइनमैंट रिपोर्ट को अनुमोदन के लिए मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने कहा कि इन अलाइनमैंट रिपोर्ट के लिए अनुमोदन अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने मामले में शीघ्र कार्रवाई करने का भी आग्रह किया।

## दो लेन की बजाय 4 लेन मानकों के अनुसार हो राजमार्गों का उन्नयन

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला–मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग 8 जिलों को प्रदेश की राजधानी और समीपवर्ती राज्यों को जोड़ता है। सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न मानकों के अनुसार राजमार्गों का निर्माण उचित नहीं है और अधिकारियों को राजमार्गों का दो लेन मानकों की बजाय चार लेन मानकों के अनुसार उन्नयन करने के लिए दिशा–निर्देश जारी करने का अनुरोध किया।

# अयोध्या नगर निगम के अधिकारियों पर करोड़ों रुपये के भुगतान का आरोप

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अयोध्या नगर निगम के अधिकारियों पर बिना टेंडर ही एबी इंटरप्राइजेज कम्पनी को करोड़ों का भुगतान करने का आरोप लगाया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मीडिया को बताया कि अयोध्या नगर निगम द्वारा बिना टेंडर आउटसोर्सिंग के गुजरात से जुड़ी एक कम्पनी को पिछले तीन सालों से करोड़ों का अवैध भुगतान किया जा रहा है। कम्पनी का नाम एबी इंटरप्राइजेज है और कागजों में इसका पता मेहसाणा गुजरात है। पिछले तीन सालों से बिना टेंडर के इस कम्पनी को हजारों कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग के लिए लगातार भुगतान किया जा रहा है। अजय राय ने बताया कि वर्ष 2020–2021 में पहली और अंतिम बार टेंडर हुआ था, तब से कोई टेंडर न देकर कम्पनी को विस्तार पर विस्तार देकर धन डकारा जा रहा है। यूपी सरकार का शासनादेश है कि एक वर्ष से अधिक किसी भी स्थिति में बिना टेंडर के कोई भी भुगतान हो ही नहीं सकता। लेकिन, अयोध्या नगर निगम में बड़ा गोलमाल आज भी जारी है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रभु राम की नगरी में यह धोखाधड़ी का खेल कब तक चलेगा। लोकसभा चुनाव में अपनी करनी का परिणाम भुगतने के बाद भी भाजपा वालों को सद्बुद्धि नहीं आ रही है। खैर, जल्दी ही जनता इन लोगों का प्रदेश से सुपड़ा साफ करने की तैयारी में है।



# यूपी लोकसभा में शानदार सफलता के बाद कांग्रेस और सपा की दस सीटों पर होने वाली उपचुनाव में भी मिलकर लड़ेंगे

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

लखनऊ। यूपी लोकसभा में शानदार सफलता के बाद कांग्रेस और समाजवादी पार्टी विधानसभा की दस सीटों पर होने वाली उपचुनाव में भी मिलकर लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन में शामिल दोनों दलों के बीच सीटों का बंटवारा भी हो गया है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार समाजवादी पार्टी सात और कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। एक दिन पहले ही इस बारे में पूछने पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि इस चुनाव से सरकार से बननी नहीं है।

यूपी में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माने जा रहे इस उपचुनाव में सभी दस सीटें जीतने पर भाजपा का जोर है। भाजपा ने इसके लिए बड़ी तैयारी कर ली है। दस सीटों पर 30 मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें 14 कैबिनेट मंत्री शामिल हैं। अखिलेश यादव की सीट रही करहल और अयोध्या की मिल्कीपुर सीट जीतने पर भाजपा का सबसे ज्यादा जोर है। इस दोनों सीटों पर भाजपा ने चार-चार मंत्रियों को लगाया है।

यूपी में जिन दस सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है उनमें से नौ सीटों पर चुने गए विधायक अब सांसद बन गए हैं। एक सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा के कारण खाली हुई है। सपा-कांग्रेस के हौसले इसलिए भी उड़ान भर रहे हैं क्योंकि नौ में से पांच सीटों पर लोकसभा चुनाव के दौरान दोनों दलों ने भाजपा और उसके सहयोगियों को पछाड़ दिया था।



## इन सीटों पर हो रहा उपचुनाव

करहलः अखिलेश यादव के इस्तीफे से खाली हुई यह सीट मैनपुरी लोकसभा में आती है।

मिल्कीपुरः सपा के अवधेश प्रसाद के इस्तीफे से खाली हुई यह सीट अयोध्या में आती है।

मीरापुरः रालोद के चंदन चौहान के इस्तीफे से खाली हुई यह सीट बिजनौर में है।

कुंदरकीः सपा के जियाउर्रहमान बर्क के इस्तीफे से खाली हुई यह सीट संभल में है।

गाजियाबादः भाजपा के अतुल गर्ग के इस्तीफे से खाली हुई यह सीट गाजियाबाद जिले में है।

खैरः भाजपा के अनूप प्रधान वाल्मीकि के इस्तीफे से खाली हुई यह सीट अलीगढ़ में आती है।

फूलपुरः भाजपा सांसद प्रवीण पटेल के इस्तीफे से खाली हुई यह सीट प्रयागराज में है।

कटेहरीः सपा के लालजी वर्मा के इस्तीफे से खाली हुई यह सीट अम्बेडकरनगर में आती है।

मझवांः निषाद पार्टी के विनोद बिंद के इस्तीफे से खाली हुई यह सीट मिर्जापुर में आती है।

शीशामऊः सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा से खाली हुई यह सीट कानपुर में है।

## सरकारी लापरवाही के कारण लोग जान गँवाने पर मजबूर है

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

आज फिर से एक रेल दुर्घटना हुई है, कई लोगों के घायल होने एवं निधन की खबर है। सरकारी लापरवाही के कारण लोग जान गँवाने पर मजबूर है। पुल गिर रहे हैं। सड़कें धँस जा रही हैं। एयरपोर्ट टर्मिनल की कैनोपी गिर जा रही हैं। रेलगाड़ियाँ अब आये दिन पटरी से उतर जा रही हैं, आपस मे टकरा जा रही हैं, सैकड़ों, हजारों लोगों की आए दिन दुर्घटना में मौत की ख़बर आ रही है। प्रधानमंत्री चुप, मानो उन्हें मालूम हो कि जब तक वो सत्ता में रहेंगे, ये होता रहेगा। नम आँखों से सभी दिवंगत आत्मा को नमन करता हूँ एवं उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ।




जिसने बढ़ा दी सर्च इंजन की आंधी
वो है हमारा भाई राहुल गांधी
Google और Youtube पर
सबसे ज्यादा सर्च किये
जाने वाले नेता बने राहुल गांधी
राहुल नहीं रुकेगा
जलवा है भाई का जलवा